हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 11 नवंबर 2025

04 एसडीएम ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर की...



07 जैन दर्शन में सिद्धचक्र महामंडल विधान पवित्र...





### विदिशा मंडी भाव

| | | |
|---|---|---|
| शरवती | 2500 | 3360 |
| गेहूं 1544 | 2110 | 2800 |
| चना | 4500 | 5726 |
| मसूर | 5800 | 6630 |
| सोयाबीन | 2400 | 5500 |
| सरसों | 6464 | 6630 |
| धान | 1200 | 3111 |
| मूंग | 0000 | 0000 |
| तेवड़ा | 2804 | 3160 |
| मक्का | 1198 | 1700 |
| धनिया | 0000 | 0000 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| उड़द | 0000 | 0000 |

### खबर संक्षेप

#### पठारी पुलिस ने 15 साल की नाबालिग को खोजा

**विदिशा।** पठारी पुलिस ने 15 वर्षीय एक नाबालिग को खोज निकाला। 1 नवंबर को फरियादी द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गौरव बाजपेई के नेतृत्व में टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने बालिका को पीथमपुर (इंदौर) से सकुशल बरामद कर उसके कथन कराए एवं परिजनों के सुपुर्द किया।

#### सांसद खेल महोत्सव में सेक्टर बार प्रतियोगिता



**गुलाबगंज ।** सोमवार को ग्राम लखनगार में सांसद खेल महोत्सव विधायक मुकेश टंडन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें सेक्टर की ग्राम पंचायतों से आई टीमों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें विधायक सहित सभी अतिथियों ने भाग लिया साथ ही रस्सा खींच, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं कराई गई। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष रजनी लोधी, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी, जनपद सदस्य जगदीश दांगी, सचिन यादव, भाजपा नेता राकेश कटारे, ग्राम पंचायत लखनगार के सरपंच, सचिव, शिक्षक एवं स्थानीय ग्रामीण आदि उपस्थित रहे। मौके पर ही विधायक ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

#### अधिक संख्या में ब्रेकर बन रहे हादसों का सबब

**विदिशा।** खरीफाटक ओवरब्रिज पर लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए प्लास्टिक ब्रेकर अब सुरक्षा की बजाय दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। ये ब्रेकर लोगों की जान और जेब दोनों के लिए मुसीबत साबित हो रहे हैं। ब्रिज पर लगभग 8 स्थानों पर प्लास्टिक ब्रेकर की चार-चार पट्टियां लगाई गई हैं। इन पर से गुजरने वाले वाहनों को झटके लगते हैं, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरा अनाज सड़क पर बिखर जाता है। किसानों को इससे आर्थिक नुकसान होता है, क्योंकि गेहूं, चना और मक्का जैसी फसलें अक्सर सड़क पर फैल जाती हैं। किसान हुकुम सिंह ने बताया कि कितनी भी धीरे से ट्रैक्टर निकालो, ट्रॉली से अनाज फैल जाता है। हमें पता भी नहीं चलता और लगभग दो-तीन पसेरी अनाज फैल जाता है, जिससे नुकसान होता है।

#### स्वतंत्रता सेनानी शर्मा की पुण्यतिथि आज

**विदिशा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रघुवीर चरण शर्मा की पुण्यतिथि आज 11 नवंबर को श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। सेनानी ट्रस्ट की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार आज सुबह 8 बजे माधव उद्यान में पौधरोपण एवं स्मृति पट्टिका का अनावरण किया जाएगा। सुबह 9 बजे हिंदी भवन में पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा। दोपहर 2 बजे गर्ल्स कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें छात्राएं शर्मा के व्यक्तित्व, कृतित्व और समकालीन व वर्तमान राजनीति पर अपने विचार रखेंगी। जानकारी ट्रस्ट के सचिव राम कृष्ण शर्मा ने दी।

### सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन और विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# समीक्षा में बोले कलेक्टर: 100 दिन से अधिक कोई भी आवेदन लंबित न रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को बेतवा सभागार में लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी आवेदन एल-1 स्तर पर ही समय सीमा में निराकृत हों, ताकि नागरिकों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि समाधान ऑनलाइन में सामान्यतः 100 दिनों से अधिक के आवेदन शामिल होते हैं। जिले का लक्ष्य होना चाहिए कि ऐसा कोई भी आवेदन लंबित न रहे। पात्रता एवं अपात्रता दोनों स्थितियों में आवेदकों को स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों और समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन आवेदन मामलों में विषय न्यायालय में लंबित हैं, उनका तकनीकी निराकरण हेल्पलाइन के माध्यम से संभव नहीं है। ऐसे में संबंधित अधिकारी आवेदक से सौहार्द्रपूर्ण संवाद स्थापित कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करें, जिससे भ्रम की स्थिति न बने। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट उपलब्धता से जुड़े आवेदनों के आवेदकों को शीघ्र सूचना प्रदान की जाए, ताकि उनकी कार्यवाही समय पर पूरी हो सके। वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के बाद संबंधित आवेदक को अवश्य सूचित करने पर भी जोर दिया।




विदिशा। बैठक के दौरान जिलभर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता।

#### कृषि उपकरण, खाद-बीज उपलब्धता, ई-टोकन व्यवस्था की समीक्षा

कृषि विभाग समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बेलर मशीन, सुपर सीडर, हैप्पी सीडर सहित अन्य कृषि यंत्रों की उपलब्धता, खाद-बीज की स्थिति तथा ई-टोकन व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने बताया कि ई-टोकन व्यवस्था का पायलट विदिशा में सफल रहा है और घर-घर खाद वितरण सेवा जिले की विशेष उपलब्धि है। उन्होंने निर्देश दिए कि पिछले पांच वर्षों में उपार्जन के दौरान जिन समितियों व वेयरहाउसों ने त्रुटियां की हैं, उन्हें इस वर्ष उपार्जन कार्य में शामिल न किया जाए। इसके अलावा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएमएमयू, सीएम राइज स्कूल, उपार्जन कार्य, नल-जल योजनाएं, पीएम जनमन, स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान पखवाड़ा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खनिज, परिवहन, आबकारी एवं पंजीयन विभाग की राजस्व प्राप्ति समीक्षा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त सीईओ जिपं पंकज जैन, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर आदि मौजूद रहे।

#### कलेक्टर ने पीएम पोषण योजना में उत्कृष्ट कार्य की सराहना की

कलेक्टर ने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए परियोजना अधिकारी श्रीमती कृति चौहान के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑन लाइन फीडिंग और क्रियान्वयन की तर्ज पर अन्य विभाग भी पारदर्शी एवं प्रभावी मॉडल अपनाएं, ताकि विदिशा जिले की उपलब्धियां शत-प्रतिशत ऑनलाइन परिलक्षित हों।

#### हितग्राहीमूलक योजनाओं व खाद्यान्न उठाव की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर ने योजनाओं और विशेष अभियानों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य दुकानें, आंगनबाड़ी केंद्र और छात्रावासों के लिए खाद्यान्न का उठाव समय पर हो। ऐसे समूह जो दो माह से खाद्यान्न नहीं उठा रहे हैं, उन्हें बदला जाए।

# मकोड़िया बांध योजना को मिलेगा तेजी से बढ़ावा, मंत्री सिलावट ने दिया आश्वासन

### जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने मंत्री के समक्ष रखी मांग



विदिशा। परियोजना के संबंध में मंत्री से चर्चा करते जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि।

**इस परियोजना से सांची, विदिशा और बासौदा क्षेत्र की असंचित भूमि सिंचित होगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने सोमवार को सिंचाई विभाग के केबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट से भेंट की। इस दौरान उन्होंने विदिशा, रायसेन और बासौदा विधानसभा क्षेत्रों की असंचित भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने तथा विदिशा नगर के पेयजल संकट व हर वर्ष आने वाले बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए मकोड़िया बांध परियोजना को प्राथमिकता पर आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

मंत्री सिलावट ने स्पष्ट किया कि आपके द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर बारना बांध की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है और इसे मुख्यमंत्री की घोषणा में भी शामिल कर लिया गया है। मकोड़िया बांध के पूर्ण होने से क्षेत्र को व्यापक लाभ मिलने की संभावना है। इससे सांची, विदिशा और बासौदा क्षेत्र की असंचित भूमि सिंचित होगी। विदिशा नगर के पेयजल संकट का स्थायी समाधान होगा। बाढ़ नियंत्रण तथा नदी तटों की सुरक्षा में मजबूती मिलेगी। किसानों और आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। मंत्री सिलावट ने परियोजना को लेकर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र शुरू करने का आश्वासन दिया।

# अस्पताल में अलग से शुरू होगा आधार केंद्र, मिलेगी बड़ी सुविधा

### कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा की जा रही नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में नागरिक सुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिला चिकित्सालय परिसर में पृथक आधार केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। अब मरीजों और उनके परिजनों को आधार से संबंधित सुधार, अद्यतन या नया कार्ड बनवाने के लिए अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कलेक्टर ने कहा कि जिला चिकित्सालय प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही वाला केंद्र है, ऐसे में अस्पताल में आधार सुविधा उपलब्ध होने से आमजन को त्वरित लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र को शीघ्र शुरू करते हुए आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षित ऑपरेटर और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ।

इस पहल से न केवल नागरिकों को सहूलियत मिलेगी बल्कि अस्पताल में संचालित विभिन्न योजनाओं की आधार आधारित प्रक्रियाओं में भी तेजी आएगी। जिला प्रशासन का यह कदम सुविधा आपके द्वार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

#### सामूहिक विवाह में मौके पर देंगे विवाह प्रमाणपत्र

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह सीजन शुरू होते ही प्रदेश में विवाहों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की इस पहल के तहत अब मुख्यमंत्री कन्यादान, मुख्यमंत्री निकाह योजना सहित सभी सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में स्थल पर ही विवाह पंजीयन कर प्रमाणपत्र तुरंत प्रदान किया जाएगा। विभाग के आयुक्त विकास मिश्रा ने बताया कि पंजीयन न होने पर विशेष रूप से महिलाओं को भविष्य में स्वत्वों के भुगतान सहित कई कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए शादी हॉल, मैरिज गार्डन और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता के होर्डिंग लगाए जाएंगे।

# कांग्रेसियों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर प्रशासन को चेताया

### नगरपालिका की अव्यवस्थाओं के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर में बढ़ती गंदगी, धूल-धूसरित वातावरण और नगरपालिका की लापरवाही को लेकर मंगलवार दोपहर कांग्रेसजनों ने नपा परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा को साफ किया और तिलक चौक पर झाड़ू लगाकर प्रतीकात्मक रूप से नगर पालिका प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। विरोध का नेतृत्व कर रहे नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि नगर पालिका शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। नागरिक धूल, कचरे और बदबू से परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष बोहत ने कहा कि विदिशा जैसा ऐतिहासिक शहर बदहाल सफाई व्यवस्था के कारण अपनी सुंदरता खो रहा है। सड़कों पर जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जिनसे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस नेता सुजीत देवलिया ने नगर पालिका पर आरोप लगाया कि उसके दावे केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि अधिकांश वार्डों में नियमित सफाई तक नहीं हो रही है। युवा कांग्रेस नेता अर्पित उपाध्याय ने युवाओं से स्वच्छ शहर अभियान को समर्थन देने की अपील की और आंदोलन को और व्यापक बनाने का आह्वान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी पार्षद भी मौजूद रहे।



विदिशा। तिलक चौक पर झाड़ू लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

# महिला बाल विकास का दावा: 87 आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन साल से एक भी बच्चा कुपोषित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले के 87 आंगनबाड़ी केंद्रों में विगत तीन वर्षों से एक भी बच्चा कुपोषित नहीं पाया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिले में कुल 186 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों में नियमित रूप से बच्चों का वजन, ऊँचाई और स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएँ बच्चों को समय पर पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराती हैं और माताओं को भी संतुलित आहार के प्रति जागरूक करती हैं। उन्होंने बताया कि सामुदायिक सहभागिता, नवाचारों और पोषण पखवाड़ों के आयोजन से माताओं में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। गर्भवती और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, नियमित टीकाकरण, आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग से भी इस उपलब्धि में मदद मिली है। स्थानीय स्तर पर पंचायत प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भी इस दिशा में सक्रिय सहयोग दिया है। यह सफलता जिले के लिए प्रेरणास्पद उदाहरण है, जो दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से कुपोषण जैसी गंभीर समस्या पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। अब लक्ष्य यह है कि जिले के शेष आंगनबाड़ी केंद्र भी कुपोषण मुक्त श्रेणी में शामिल हों, ताकि विदिशा को संपूर्ण रूप से कुपोषण मुक्त जिला घोषित हो।

#### न्यायोत्सव के तहत जेल में जागरूकता शिविर लगा, बंदियों की सुनी समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** 9 से 14 नवम्बर तक मनाए जा रहे न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत सोमवार को जेल में विधिक जागरूकता शिविर एवं निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर, न्यायिक मजिस्ट्रेट संचिता भदकारिया, लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान तोमर ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और सभी को न्याय के समान अधिकार की जानकारी दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट भदकारिया ने वीसी रूम, रसोईघर व भोजन व्यवस्था का निरीक्षण कर स्वच्छ भोजन उपलब्धता सुनिश्चित की। लीगल एड काउंसिल ने अधिवक्ता नियुक्ति संबंधी स्थिति जानी और जरूरतमंद बंदियों को शासकीय अधिवक्ता दिलाने की सलाह दी। जेल अधीक्षक के अनुसार जेल में 223 पुरुष व 23 महिला बंदी हैं। शिविर में सभी को विधिक अधिकारों और निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई।

# रास्साकसी, कुर्सी दौड़ और नींबू चम्मच दौड़ का आयोजन हुआ

### जीतने वाले प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सांसद खेल महोत्सव तहत सोमवार को रामलीला मेला प्रांगण में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता आयोजन में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा व पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया है। प्रतियोगिताओं में स्थानीय महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। रस्साकसी प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ, जिसमें बच्चों ने हिस्सा भी लिया है। इस दौरान रस्साकसी, नींबू चम्मच दौड़ और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन

# 5 हजार से अधिक छात्रों व शिक्षकों को किया जागरुक

**पुलिस ने विद्यालयों में 'गुड टच–बैड टच' व साइबर सुरक्षा पर दी जा रही महत्वपूर्ण जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 1 से 30 नवंबर तक जिले में ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपहृत एवं गुमशुदा बच्चों की तलाश के साथ-साथ बाल सुरक्षा, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध की रोकथाम एवं जन-जागरूकता को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना है। थाना पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में 'गुड टच–बैड टच', साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों को समझाया गया।

महिला प्रधान आरक्षक सुनीता राजपूत एवं आरक्षक मोहित गोस्वामी ने छात्रों को वास्तविक उदाहरणों के साथ यह बताया कि कौन-सी स्थिति में सतर्क होना चाहिए और किस प्रकार तुरंत पुलिस, परिजनों या शिक्षकों को जानकारी देना आवश्यक है। बच्चों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग, तथा डायल 112 एवं महिला हेल्पलाइन 1090 जैसी जरूरी सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से शैक्षणिक फिल्में प्रदर्शित कर बाल सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय संचालक डॉ. कुशाग्र दीक्षित, प्राचार्य प्रकाश शर्मा सहित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। जिले में अब तक 5 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और नागरिकों को इन कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा चुका है।



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-5520
सरसों
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-7852
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव- 5792
मसूर
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7900
उड़द
न्यूनतम भाव-4650
उच्चतम भाव-5910
मक्का
न्यूनतम भाव- 960
उच्चतम भाव- 1890
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2750
उच्चतम भाव-3296
धान
न्यूनतम भाव-700
उच्चतम भाव-3000
गेंहू
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3200
बटरी
न्यूनतम भाव- 2200
उच्चतम भाव- 3300
तुअर
न्यूनतम भाव- 4900
उच्चतम भाव- 49300
धनिया
न्यूनतम भाव- 6110
उच्चतम भाव- 6460
अलसी
न्यूनतम भाव- 6800
उच्चतम भाव- 7030
मटर
न्यूनतम भाव- 2000
उच्चतम भाव- 2000
मूंग
न्यूनतम भाव- 5600
उच्चतम भाव- 5600

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 31536 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# मीणा समाज शक्ति संगठन का 17 वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मीणा समाज शक्ति संगठन मध्यप्रदेश ने रविवार को भव्य आयोजन के साथ अपना 17वां स्थापना दिवस मनाया। गांधी भवन, पॉलिटेक्निक चौराहा में आयोजित समारोह में 200 से अधिक प्रतिभाओं, कर्मवीरों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अभिषेक मारन को संगठन का युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के प्रबुद्धजनों की मौजूदगी रही। मीणा समाज शक्ति संगठन मध्यप्रदेश द्वारा रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक 17वें स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गांधी भवन, भोपाल में किया गया।

समारोह में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) में चयनित यशस्वी मीणा, यूट्यूबर नीरज मीणा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन महामंत्री जयपाल




मीणा और अर्जुन मीणा ने किया। संगठन द्वारा 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों, छोटे उद्यमों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मवीरों तथा विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों



में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।समारोह के मुख्य अतिथियों में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, पूर्व मिस इंडिया डॉ. जया मीणा, विधायक सरला रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष ग्रामीण तीरथ सिंह मीणा, सीएसपी सुरभि मीणा, लीलेंद्र मारन, रामेश्वर मीणा, दिलीप पटेल एवं कर निरीक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संगठन ने संस्थापक सदस्यों एवं सक्रिय समाजसेवियों को सम्मानित किया। समारोह के दौरान संगठन विस्तार की दिशा में नए दायित्वों की घोषणा भी की गई। इस दौरान समाज के उत्थान, शिक्षा और एकजुटता को सशक्त करने का

### एसआईआर अभियान का पहला चरण 4 दिसंबर 2025 तक संपन्न होगा

# एसडीएम ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर की एसआईआर में सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य तहसील में तेजी से चल रहा है। एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर संतोष बिटोलिया ने नागरिकों से इस अभियान में सहयोग की अपील की है। इसी को लेकर एसडीएम ने सोमवार को शाम के समय एक आवश्यक पत्रकारवार्ता स्वर्गीय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित कर जानकारी दी है। उन्होने बताया कि अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना पत्रक दो प्रतियों में वितरित कर रहे हैं। वह मतदाताओं से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्र कर रहे हैं। यह अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संपन्न होगा और स्थानीय एसडीएम द्वारा बीएलओ के औचक निरीक्षण भी किए जा रहे



हैं। प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक की एक प्रति हस्ताक्षर के बाद वापस की जाएगी।

एसडीएम ने लोगों से भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढने और सत्यापित करने का अनुरोध किया है। यदि कोई व्यक्ति सूची में नाम जोडने के लिए पात्र है, तो बीएलओ उसी समय फॉर्म-6 उपलब्ध कराएंगे। इसी प्रकार, किसी सदस्य के निधन या अन्यत्र स्थानांतरण की जानकारी मिलने पर बीएलओ उसे सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। घर-घर सत्यापन के दौरान बीएलओ कोई दस्तावेज एकत्र नहीं करेंगे। केवल ऐसी स्थिति में जब इसी प्रकार, किसी सदस्य के निधन या अन्यत्र स्थानांतरण की जानकारी मिलने पर बीएलओ उसे सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। घर-घर सत्यापन के दौरान बीएलओ कोई दस्तावेज एकत्र नहीं करेंगे। केवल ऐसी स्थिति में जब प्रविष्टि पूर्व रिकॉर्ड से मेल नहीं खाती, तो संबंधित अधिकारी अलग से दस्तावेजों के लिए सूचना भेजेंगे। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जिससे नागरिक अपनी जानकारी जांच सकते हैं। एसडीएम ने बताया कि सत्यापन के बाद प्रारूप मतदाता सूची 9 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसंबर, 2025 से 8 जनवरी, 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। एसडीएम संतोष बिटोलिया ने नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ उनके घर आएं तो सटीक और अद्यतन जानकारी प्रदान करें। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करना है, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो और अपात्र प्रविष्टियां रोकी जा सकें। नागरिकों के सहयोग से यह लक्ष्य पूरी तरह सफल होगा। इस दौरान मास्टर ट्रेनर अभय शर्मा सहित अनेक पत्रकारगण मौजूद रहे।

**एसआईआर के यह हैं मुख्य उद्देश्य**

* मृत व्यक्तियों के नाम सूची से हटाना।
* स्थायी रूप से निवास बदलने वालों का नाम हटाना।
* किसी मतदाता का दो स्थानों पर पंजीकरण निरस्त करना।
* उन फर्जी मतदाताओं का नाम सूची से हटाना।
* जिससे शुद्ध व पारदर्शी मतदाता सूचियों का निर्माण हो सके।
* पुनरीक्षण में 2003 की मतदाता सूची को आधार माना गया है।

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश विदिशा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में न्यायधीश रावेंद्र कुमार सोनी, प्रभारी अधिकारी न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह, कार्यक्रम की उपस्थिति में सोमवार को उपजेल में विधिक, जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम के संदर्भ में बंदियों को जानकारी देते हुए संविधान के मूलभूत अधिकार एवं कर्तव्य मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियो के लिये विधिक सेवाऐं, निःशुल्क विधिक सहायता नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं तथा नशा उन्मूलन के लिये विधिक साक्षरता शिविर योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियो के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के संदर्भ में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आलोक कुमार भार्गव, सहायक जेलर, एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एडवोकेट शेर सिंह यादव, एडवोकेट क्रांति अहिरवार, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह सेन एवं जैल स्टॉफ सहित अनेक कैदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने किया।

## नाबालिग बालिका को परिजनों को सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ऑपरेशन मुस्कान के तहत शहर पुलिस ने गुमशुदा बालिका को सकुशल बरामद किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया द्वारा टीम गठित की गई। दिनांक 21 अक्टूबर को शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग बालिका के गुमशुदा होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बालिका की तलाश प्रारंभ की। गठित टीम द्वारा सतत प्रयास किए गए, जिनके परिणाम स्वरूप बालिका को 9 नबम्वर को उज्जैन से सकुशल दस्तयाब कर आवश्यक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सौंपा गया। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, राजेश मिश्रा, विपिन नायक, रोहित, शिवप्रताप, अखिलेश राजावत की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### नपा अमले ने नाले की साफ-सफाई की



**गंजबासौदा।** नपा सीएमओ, नपा स्वास्थ्य निरीक्षक के आदेशानुसार सोमवार को नगरपालिका सफाई अमले ने नगर के वार्ड क्रमांक 24 में नाले की साफ, सफाई की गई। वहीं वार्ड नंबर 7 चार खम्मा वाली गली पुलिया से जेसीबी मशीन की सहायता से कचरा निकालकर ट्रैक्टर, ट्राली में भरवारा गया। इस दौरान शक्ति सिंह दरोगा, राजेश चौहा प्रभारी मेट, धर्मेंद्र मैना प्रभारी मेट सहित नगरपालिका सफाई अमला मौजूद थे।

## महासम्मेलन को लेकर सरपंचों की बैठक आयोजित



**गंजबासौदा।** सरपंच संघ द्वारा सोमवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार को जम्मुरी मैदान भोपाल में आयोजित होने वाले सरपंच महासम्मेलन में अपनी मांग एवं अधिकारों को लेकर चार पहिया वाहनों से अधिक से अधिक सरपंचों को पहुंचाने हेतु सहमति बनी। बैठक में सरपंचों के हित में अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक में अनेक ग्राम पंचायत सरपंचगण मौजूद रहे।

## एसजीएस में रस्सा कस्सी व चम्मच रेस से हुआ सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ विधायक हरिसिंह रघुवंशी की उपस्थिति में रस्सा कस्सी प्रतियोगिता से हुआ। खेल महोत्सव के शुभारंभ में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, शैलेंद्र रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष, एसडीएम संजय बिटोलिया मुख्य रुप से मौजूद रहे। खेल महोत्सव के प्रारंभ में रस्सा कस्सी एवं चम्मच रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शुरुआती खेलों में खिलाड़ियों को उत्साह पूर्वक भाग लिया। चम्मच रेस प्रतियोगिता में साक्षी रैकवार ने प्रथम, शिवानी ने



द्वितीय, कनक ने तृतीय और आंचल अहिरवार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी प्रतियोगिता में जय भवानी की टीम ने जीत हासिल की। इन विजेता प्रतियोगिओं को सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।

सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ के साथ ही विधानसभा के सभी गांवों में क्रिकेट सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं शुरू की जाएगी। पहले चरण में ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ी अपनी प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। ग्रामीण स्तर पर विजेता टीम तहसील स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। विजेता टीम को सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में नगद राशि प्रमाण पत्र एवं ट्राफी प्रदान किए जाएंगे।

### नेत्र शिविर का किया गया आयोजन




**त्योंदा।** सोमवार को त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सेवा संघ नेत्र चिकित्सालय द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर राजकुमार कुमावत, मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा , अरविंद नोदया, नेत्र सहायक डॉ. गोलू भाई नेत्र सर्जन आनंदपुर द्वारा नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन हुआ आयोजन

# एसजीएस में निबंध प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. बिंदेश शुक्ला के नेतृत्व में एवं डॉ सुनील पाटीदार, सौरभ विश्वकर्मा के सहयोग से भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया। यह निबंध प्रतियोगिता भगवान बिरसा मुंडा द्वारा जनजातीय के उत्थान एवं शोषण से बचाव हेतु उनके द्वारा दिए गए योगदान पर आधारित थी। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थी द्वारा उत्साह से सहभागिता की गई।साथ ही वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्वदेशी अपनाने की शपथ महाविद्यालय के छात्र-छात्रों को दिलाई गई। स्वदेशी की शपथ महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को दिलाई गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. बीके प्रजापति, डॉक्टर बिंदेश शुक्ला, डॉ. सुनील पाटीदार , घनश्याम चौकसे उपस्थित थे। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वदेशी अपनाने की शपथ ली। साथ ही डॉक्टर सुमनलता गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वह देश में निर्मित एवं उत्पादित वस्तुओं का ही प्रयोग करें। जिससे देश के विकास में वृद्धि होगी। लोगों को रोजगार मिलेगा तथा भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा।

## पुरानी कृषि उपज मंडी से भरवाया जा रहा कचरा



**गंजबासौदा।** नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश पर सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव एवं नपा स्वास्थ्य निरीक्षक आर के नेमा के मार्गदर्शन में विनोद कुमार प्रभारी मेट, संतोष प्रभारी दरोगा की मौजूदगी में नगर के वार्ड क्रमांक 11 पुराना गल्ला मंडी के अगले गेट एवं पिछले गेट से नियमित रूप से मंडी परिसर से जेसीबी मशीन की सहायता से नपा की ट्रैक्टर, ट्राली में कचरा भरवा कर फिकवाया जा रहा है। जिससे मण्डी प्रांगण में साफ, सफाई बनी रहे एवं सब्जी बाजार में गंदगी न फैले। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा नगर को साफ, सुथरा और स्वच्छ बनाए रखने की प्रमुखता के साथ नगर की सड़को को चौड़ा बनाए रखने के लिए समय समय पर मुनादी कराकर नगरवासियों एवं दुकानदारों को अस्थाई अतिक्रमण न करने की अपील की जा रही है। जिससे की मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित न हो सके।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 170 मरीजों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय शिवलाल साहू ,स्वर्गीय धनो बाई साहू की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र राधे श्याम साहू, घनश्याम साहू, ओम प्रकाश साहू सेऊ वाले परिवार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला मे सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया।

इसी तारतम्य में अगले कैम्प की घोषणा स्वर्गीय शिवलाल महेश्वरी के परिवार द्वारा की गई। समिति द्वारा साहू परिवार का सम्मान शाल, श्रीफल और फूल माला पहनाकर किया गया तथा सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया गया। शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद , विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी, रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव द्वारा 170 मरीजों की



ओपीडी की गई। जिसमें से 87 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 53 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई। 30 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, सतपाल तनवानी हरि सिंह ठाकुर, दयाशंकर जायसवाल, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, प्रवक्ता राजकुमार मलकानी, लाल बहादुर ताम्रकार, प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता, सुरेश ताम्रकार, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा, सुरेश चंद्र जैन, प्रकाश माहेश्वरी, चन्द्रशेखर ताम्रकार, देवी प्रसाद भावसार, देवी लाल कुशवाह, हितकारिणी धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### श्रीजी के भव्य पालना शोभा यात्रा के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन

# जैन दर्शन में सिद्धचक्र महामंडल विधान पवित्र शक्तिशाली, आध्यात्मिक अनुष्ठान है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध समिति के तत्वाधान एवं श्री आदिनाथ महिला मंडल द्वारा परम पूज्य मुनि श्री पावन सागर जी महाराज,मुनि श्री सुभद्र सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे सिद्धों की आराधना का शान्तिधारा सोधर्म इन्द्र इन्द्राणी सुनील, अनीता रावका बयाना वाले परिवार द्वारा सिद्ध चक्र महामंडल विधान मंडल पर सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने सिद्धों के गुणों की आराधना करते हुए भक्ति के साथ कुल 2042 अर्घ्य मंडल अर्घ्य चढाये गये।

तत्पश्चात महायज्ञ नायक उदयभान जैन अनीता बड़जात्या व सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने विश्व शांति व जीव कल्याण के लिए महायज्ञ तत्पश्चात श्रीजी की पालकी शोभायात्रा निकाली गई, मन्दिर जी में कलशाभिषेक होने के साथ यह अनुष्ठान भक्ति व धर्म प्रभावना के साथ सम्पन्न हुआ। आदिनाथ महिला मंडल की प्रचार मंत्री अनिता बड़जात्या ने अवगत कराया कि सोधर्म इन्द्र इन्द्राणी रावका परिवार,सहयोगी इन्द्र इन्द्राणी अरुण - ज्योति,प्रमिला शाह परिवार का स्वागत बीना टोंग्या, अनिल टोंग्या, निर्मल सेठी,अनिल गदिया,सारसमल-पदम झांझरी,एडवोकेट विमल जैन बाकलीवाल,अशोक कुमार जैन कासलीवाल फागी वाले,अशोक कुमार जैन विधानसभा आदि पदाधिकारियों ने किया। वही विधानाचार्य अजित शास्त्री का सम्मान मन्दिर प्रबंध समिति व महिला मंडल की पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य मुनि श्री पावन सागर जी महाराज ने अपने मंगल आशीर्वचन में कहा कि गांव के जैन दर्शन में सिद्ध चक्र महामंडल विधान एक अत्यंत पवित्र शक्तिशाली और आध्यात्मिक अनुष्ठान माना जाता है। इस विधान का उद्देश्य आत्मा को शुद्ध करना जीवन के ज्ञात अज्ञात पापों का प्रायश्चित करना है यह अनुष्ठान अनेक मित्रों और भी अक्षरों से युक्त होता है। इस विधान की विधि विधान श्रद्धा भक्ति के साथ करने से जीवन भर किए गए पापों का क्षय होता है और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है,यह विधान अष्टान्हिका महापर्व कार्तिक, फागुन, आषाढ़ माह में किया जाता है। पूज्य श्री ने सभी उपस्थित भक्तगणों को विधान में शामिल सभी इन्द्र इन्द्राणियों को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। सभी मांगलिक क्रियाएं विधानाचार्य पंडित अजीत शास्त्री द्वारा संपन्न कराई गई। जिसके अन्तर्गत प्रदीप बाकलीवाल ने अभिषेक, श्री जी की पालकी सुभाष बज, अनिल टोंग्या, अनिल गदिया, विजय सोगानी को उठाने का सोभाग्य मिला। चंवर ढुलाने का सोभाग्य महिमा अजमेरा,अनिल-रेखा झांझरी को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात श्रीजी की पालकी शोभायात्रा बैण्ड बाजों,मंगल कलशों के साथ निकाली गई। मन्दिर जी में श्रीजी के कलशाभिषेकं हुए और श्रीजी वेदी में विराजमान किये। समापन समारोह के अवसर पर आदिनाथ महिला मंडल की मंत्री बीना टोंग्या ने सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का धन्यवाद, आभार व्यक्त किया। कुशल संचालन मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह द्वारा किया गया।

### संदीपनी विद्यालय में हुआ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

# न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत तहसील विधिक सेवा समिति सिरोंज द्वारा न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025 का शुभारंभ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्रीमती मोना शुक्ला पांडे द्वारा मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में न्यायालयीन अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्ता संघ एवं नगर की स्कूलों के विद्यार्थी और शिक्षक व शहर के गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के सफल आयोजन में संदीपनी विद्यालय का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सुश्री अंकिता जैन भी उपस्थित रही। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश मोना शुक्ला पांडे ने कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए खेलों में सहभागिता करते रहनी चाहिए जिससे कि शरीर के स्वस्थ रहने के साथ ही विद्यार्थियों को देश के लिए कई खेलों में प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी मिलता है। न्यायालय से नायब नाजिर अमित चौबे एवं कर्मचारीगण, विद्यालय की ओर से प्रभारी प्राचार्य रशीद खान,शिक्षक संजीव माथुर,शान मियां तथा अन्य शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में पैरालीगल वॉलिंटियर्स रामबाबू कुशवाह एवं छगन सिंह राजपूत का सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि 9 नवंबर से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025 का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में किया जा रहा है। न्यायाधीश सुश्री अंकित जैन ने बताया कि विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत पूरे सप्ताह विविध प्रकार की आयोजन किए जाएंगे। यह आयोजन युवाओं में विधिक जागरूकता, न्याय के प्रति संवेदनशीलता और नागरिक उत्तरदायित्व का भाव जागृत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विशाल कुशवाह,द्वितीय स्थान पर अरशद खान एवं तृतीय स्थान पर पीयूष धाकड़ को पुरस्कृत भी किया गया।

# एसडीएम की से अपील- एसआईआर सर्वे में बीएलओ का सभी लोग करें सहयोग

### पुनरीक्षण एसआईआर का गणना पत्रक नपा अध्यक्ष को कराएं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सोमवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 147 सिरोंज के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी एस.एस. विश्वकर्मा एवं निर्वाचन सुपरवाईजर सी.पी.व्यास, मतदान केन्द्र क्रमांक 225 के बी.एल.ओ. श्रीमती हेमलता वंशकार द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. का गणना पत्रक नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू के गृह निवास पर उपलब्ध कराया गया एवं एस.आई.आर. के गणना पत्रकों के वितरण प्रारंभ कराया गया।

इस अवसर पर एसडीएम विश्वकर्मा ने बताया कि एस.आई.आर. प्रक्रिया अनुसार बी.एल.ओ. प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र ईएफएस वितरण करेगा, मतदाता को अपना नाम या अपने परिजन का नाम पिछले एस.आई.आर. जो वर्ष 2002-2004 में आयोजित हुआ था में मिलान या लिंकिंग करने में मदद करेगें। कोई भी मतदाता या बी.एल.ओ.-बी.एल.ए. गिलान-लिंकिंग के लिए पिछले एस.आई.आर. के अखिल भारतीय डाटाबेस की सहायता ले सकते हैं। बी.एल.ओ. नए मतदाताओं के नाम जोडने के लिए फार्म-6 और घोषणा प्रपत्र एकत्र करेगें तथा मिलान-लिंकिंग, मतदाता को गणना पत्रक भरने में एवं एकत्र करने में सहायता करेगें। बी.एल.ओ. प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार जाएंगें। शहरी या अस्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्ति गणना प्रपत्र ऑनलाईन भी भर सकते हैं। बी.एल.ओ. ऐसे मतदाताओं के पहचान करेगें जो मृत हो चुके है, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं या एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत है। विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. प्रक्रिया के तहत एस.आई.आर. प्रारंभ गणना चरण घर-घर जाकर से 4 दिसम्बर 2025 तक, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 09 दिसम्बर 2025,प्रारूप मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति प्राप्त करना 09 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक, नोटिस चरण सुनवाई एवं प्रमाणीकरण 09 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 07 फरवरी 2026 को निर्धारित है। वही उन्होने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह एस.आई.आर. सर्वे में अपने बी.एल.ओ. का सहयोग करें एवं चाही गई आवश्यक जानकारी बी एल.ओ. को उपलब्ध कराए।

# मस्तक झुकाकर वंदन करना हम सभी का जन्मसिद्ध अधिकार है: हार्दिक



**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी से चर्चा में कहा कि जिस घर में मेरा जन्म हुआ,जो माँ ने मेरे लिये कितनी तकलीफ़ देखी,माँ बाप ने मिलकर हर पल ये सोचते रहे है की मेरा बेटा स्वस्थ,ख़ुशी के साथ इस दुनिया में आये 9 महीने माँ ने जो तकलीफ़ देखी, वो माँ वो दुख भूल जाती है क्यों की माँ बाप दोनों की खुशिया अपार है। अब मेरा बच्चा दुनिया में आने वाला है ।बच्चा जन्म लेता है, माँ बाप के साथ पूरा परिवार,सगे,संबंधी सब ख़ुश। हार्दिक हुँडिया का कहना है की जो माँ बाप ने बच्चे को जन्म दिया,पाला,पोसा,जब तक माँ बाप ज़िंदा रहे तब तक माँ बाप अपनी ज़िम्मेदारी निभाते रहे। ऐसे अनंत उपकारी माँ बाप को रोज़ वंदन करना हमारा फर्ज़ है। अनंत उपकारी माँ बाप का पुत्र रत्न ख़ुद के शरीर के चमड़ी के जुत्ती बनाकर पहनाये तो भी कम है,ऐसे उपकारी माँ बाप को वंदन करने में शर्म आए या नहीं करने वाला बेटा बेटा नहीं है। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि ये सृष्टि में माँ भारत की पवित्र भूमी पर जन्म मिला ये हमारा सौभाग्य है। भारत माता की पवित्र भूमि जहाँ कण कण में भगवान है,जो देश वो अनमोल संस्कृति का भंडार है,जो संस्कृति की तारीफ़ विश्व में होती है। जो भारत माता के हर संतान को इस बात का गौरव है। विश्व में जितने भी देश है चाहे वो अमेरिका, रशिया, जापान, चाइना, साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान कोई भी देश ले लो लेकिन माँ शब्द तो सिर्फ़ भारत देश के आगे ही अच्छा लगता है भारत माँ। आप माता शब्द और किसी भी देश के आगे लगा दो नहीं अच्छा लगेगा जितना भारत देश के आगे अच्छा लगता है आप बोल के देखों रशिया मां, जापान मां, पाकिस्ताना मां, बिल्कुल अच्छा नहीं लगता,जितना भारत मां के आगे अच्छा लगता है।

# सिरोंज जैन समाज की बेटी सलोनी जैन का एमपीपीएससी में हुए चयन



**सिरोंज।** एक बार फिर सिरोंज की बेटी ने सिरोंज जैसे छोटे से शहर का नाम पूरे प्रदेश में रौशन किया। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी संजय जैन,श्रीमति रश्मि जैन की पुत्री सलोनी जैन का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग में कोऑपरेटिव इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ। सलोनी के अथक प्रयास और मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है और अपने परिवार, जैन समाज सिरोंज व का नाम पूरे मध्य प्रदेश में रौशन किया। वही सलोनी की इस सफलता से माता-पिता, के लिए एक गर्व का क्षण है। वही जैन समाजजनो ने कहा कि सलोनी की इस सफलता से जैन समाज सिरोंज का नाम रोशन हुआ है, और हमें उम्मीद है कि सलोनी आगे भी देश और मध्य प्रदेश की सेवा में अपना योगदान देंगी। तुम्हारी मेहनत और समर्पण ने तुम्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है, और आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहना। तुम्हारी सफलता तुम्हारे परिवार के लिए प्रेरणा है, और हमें उम्मीद है कि तुम आगे भी इसी तरह सफलता प्राप्त करती रहोगी। तुम्हारी मेहनत और संघर्ष ने पूरे शहर को एवं समाज को गौरवांवित किया बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# डेढ़ साल में भी राशन दुकान संचालिका से नहीं हुई वसूली

### कलेक्टर के आदेश के बाद अब वसूली में आएगी तेजी

**कुरवाई तहसील की करैया पंचायत का मामला, 3 लाख 58 हजार का राशन डकार लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कुरवाई तहसील की करैया पंचायत की शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालिका सुरेखा दांगी से 3 लाख 58 हजार रुपए की वसूली की जाना है। डेढ़ साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी राशि वसूली नहीं की।

राशन दुकान संचालिका सुरेखा दांगी और सहायक विक्रेता भूपेंद्र दांगी ने मिलकर 42 क्विंटल गेहूं, 80 क्विंटल चावल और 32 क्विंटल शक्कर का डकार ली थी। सहायक विक्रेता के रूप में काम करने वाला भूपेंद्र दांगी राशन दुकान संचालिका रहीं सुरेखा दांगी का देवर है। जो कई आपराधिक मामलों में लिप्त है। पिछले साल कुरवाई की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वैशाली दांगी ने 12 मार्च 2024 को करैया गांव की राशन दुकान का निरीक्षण किया था। जिसमें स्टाक भाव सूची, सतर्कता समिति प्रदर्शित नहीं पाई गई थी। वहीं स्टाक पंजी, वितरण पंजी भी सहायक विक्रेता द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई थी। कोरोना काल के दौरान करीब 16 करोड़ रुपए से अधिक का राशन जिले के 309 राशन दुकान संचालक डकार गए। विगत दिनों प्रशासनिक जांच में यह मामला उजागर होने के बाद कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता ने वसूली के आदेश दिए हैं।

खास बात यह है कि कई पुराने मामले जो अधिकारियों के संज्ञान में थे उनमें भी वसूली अब तक नहीं की गई है। हालांकि कलेक्टर के आदेश के बाद अब वसूली होना तय माना जा रहा है। कोरोना काल के दौरान कुरवाई की 26 राशन दुकानों पर 43 लाख रुपए का घोटाला किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय का कहना है कि दोषियों से वसूली और ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी चल रही है।

# कटरा बाजार में रोड पर रखे 7 हाथठेला व सामग्री जब्त, चैरसिया होटल पर 1 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सोमवार को सुबह-सुबह कटरा बाजार पहुंचकर सड़क पर अतिक्रमण कर रखे गए 7 हाथठेले और अन्य सामग्री जब्त करायी। उन्होंने निगमकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा की यहां के सभी भावनो की बिल्डिंग परमिशन, भवन भूमि अनुग्या चैक करें और अतिक्रमण की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। शहर को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त बनाकर सड़कों को सुव्यवस्थित बनाया जायेगा। कटरा सागर शहर का मुख्य बाजार और पहचान है। यहां दूर दूर से लोग खरीदी बिक्री करने आते हैं। यहां की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना अत्यावश्यक है। यहां के ठेला व्यापारियों को बार बार समझाइश देने के बाबजूद सड़क पर अस्त व्यस्त ठेले लगाकर यातायात को प्रभावित किया जाता है। कटरा बाजार क्षेत्र को सभी ओर से व्यवस्थित बनाने का प्रयास करें। निगमायुक्त श्री खत्री ने मस्जिद के पास स्टेशन रोड साइड सड़क पर ठेला लगाकर चाय-नास्ता बेचने वाले चैरसिया होटल संचालक पर 1000 रूपये का जुर्माना कराया।

निगमायुक्त ने भ्रमण के दौरान निर्देश दिए कि कटरा बाजार क्षेत्र बहुत ही व्यस्ततम क्षेत्र है इसलिए यहां आने वाले नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो इसलिए सभी भवनों की बिल्डिंग परमीशन की जांच करें और नियमानुसार निर्माण न होने पर कार्रवाई करें तथा मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर अवैधानिक निर्माण होने पर सख्त कार्रवाई करें। निगमायुक्त ने कटरा बाजार में भ्रमण दौरान दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपनी दुकान के पास डस्टबिन रखें, अगर दुकानों के आसपास गंदगी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों की सुविधा हेतु डीएपी खाद उपलब्धता पर निगरानी की जा रही

**विदिशा।** ग्यारसपुर तहसील के ग्राम बंजरिया समिति सियासी के किसान मनोज शर्मा द्वारा डीएपी खाद का टोकन बुक कराने का प्रयास किया गया, किंतु स्टॉक उपलब्ध न होने के कारण बुकिंग नहीं हो सकी। जानकारी प्राप्त होते ही संबंधित समिति प्रबंधन द्वारा किसान से संपर्क कर स्थिति से अवगत कराया गया तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि डीएपी का नया स्टॉक शीघ्र ही प्राप्त हो रहा है। किसान मनोज शर्मा को सूचित किया गया है कि वे कल समिति कार्यालय पहुंचकर टोकन बुक कराकर खाद प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए खाद वितरण व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। सभी पंजीकृत किसानों को टोकन प्रणाली के माध्यम से क्रमवार खाद उपलब्ध कराया जा रहा है।

## छात्रावासों में सांस्कृतिक व खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

**विदिशा।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आज विदिशा जिले की विभिन्न अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग की छात्रावासों में विविध सांस्कृतिक तथा खेलकूद गतिविधियों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने जनजातीय परंपरा, संस्कृति एवं वीरता से ओत-प्रोत गीतों और नृत्यों के माध्यम से अपने सांस्कृतिक गौरव का प्रदर्शन किया। आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक सुनील मरकाम ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जनजातीय संस्कृति, परंपरा एवं जननायकों पर आधारित आकर्षक आकृतियां बनाकर अपनी सृजनशीलता का परिचय दिया है। सीनियर बालक छात्रावास नटेरन में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं, जूनियर एवं सीनियर कन्या छात्रावास विदिशा में खेलकूद के साथ-साथ रंगोली कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला संयोजक श्री मरकाम का कहना है कि इन आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, सृजनात्मकता एवं जनजातीय गौरव की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

# कांग्रेस नेताओं ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान

### संगठन सुदृढ़ीकरण में युवाओं को बताया महत्वपूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्थानीय विश्रामगृह में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नव–निर्वाचित युवक कांग्रेस पदाधिकारियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एडवोकेट सुभाष बोहत, पूर्व जिला अध्यक्ष वैभव भारद्वाज 'चीनू', अर्पित उपाध्याय, नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार सहित अनेक नेता उपस्थित रहे। समारोह में नव नियुक्त पदाधिकारियों असद खान, दीप सिंह दांगी, रुद्राक्ष शर्मा, आयुष राजपूत, देव साहू, सुमित पाल, जतिन रोहित, मुआज कामिल, शिवांग, शिवम सूर्यवंशी और देवेश भावसार का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। रणधीर सिंह ठाकुर ने कहा कि युवक कांग्रेस संगठन की रीढ़ है, इनकी सक्रियता से ही पार्टी मजबूत होती है। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि युवाओं का जोश कांग्रेस को नई ऊर्जा देगा। कार्यक्रम को सुभाष बोहत ने भी संबोधित किया। वैभव भारद्वाज ने युवाओं से जनसेवा और संघर्ष को प्राथमिकता देने की अपील की, वहीं प्रियंका किरार ने महिलाओं और युवाओं की बढ़ती भागीदारी को संगठन सशक्त बनाने का मूल कारण बताया।

# इस्कॉन मंदिर परिसर में एसपी ने कदम का पौधा लगााया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



अहमदपुर रोड स्थित विट्ठल पार्क इस्कॉन मंदिर परिसर में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने हेतु विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी रोहित काशवानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

एसपी काशवानी ने कदम का पौधा रोपित कर उपस्थित नागरिकों व श्रद्धालुओं को स्वच्छ, हरा-भरा वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के बीच प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण का दायित्व भी निभाए। कार्यक्रम में कॉलोनी के रहवासी देवेंद्र रजक, अमित यादव, हर्ष राजपूत, राजकुमार शर्मा, रणवीर सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मंदिर प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों ने पौधारोपण अभियान को सफल बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# घर-घर घूम रहे बीएलओ, मतदाता सूची की कर रहे मैचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में मंगलवार से मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) शुरू हो गया है। बीएलओ (ब्लॉक लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं। यह अभियान मतदाता सूची को अद्यतन करने और त्रुटियों को सुधारने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

जिले की पांचों विधानसभाओं के कुल 1347 पोलिंग बूथों के लिए 1347 कर्मचारियों की बीएलओ के तौर पर तैनाती की गई है जो लोगों के घर-घर पहुंच कर 2003 की मतदाता सूची से मैचिंग का कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में फार्म मिलेगा जिनमें से एक बीएलओ के पास जमा करनी होगी और दूसरी पर प्राप्ति रसीद दी जाएगी। फार्म में जन्मतिथि, माता-पिता का नाम, आधार नंबर, मोबाइल नंबर जैसी बुनियादी जानकारी भरनी होगी। जिनके पास पहले से वोटर कार्ड है, उन्हें ईपीएस नंबर और पासपोर्ट साइज फोटो भी लगानी होगी। जब बीएलओ आपके घर पहुंचेंगे, तब उनके पास आपकी सारी जानकारी होगी लेकिन आपको उन सभी जानकारी की पुष्टि करनी होगी। इसका मतलब है कि सारी जानकारी का मिलान किया जाएगा। पत्रक में मतदाता का नाम, विधानसभा, क्यूआर कोड और पुरानी फोटो प्रिंट रहेगी। इसमें सिर्फ नई फोटो लगानी होगी। इसके अलावा कोई भी दस्तावेज नहीं देना होगा। बीएलओ आपके घर पहुंचकर प्रपत्र भरवाने का काम करेंगे। प्रक्रिया का यह पहला चरण 4 नवंबर से 4 दिसंबर मतलब एक महीने तक चलेगा।

### वेबसाइट पर भी देख सकते हैं लिस्ट

2002 से 2004 तक की एसआईआर की मतदाता सूची http://voters]eci.gov.in पर कोई भी देख सकता है और स्वयं ही मिलान कर सकता है। ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन फॉर्म भी भर सकते हैं। फार्म 6 में नए मतदाता खुद का नाम जोड़ सकते हैं। फॉर्म 7 के तहत जो मतदाता पहले से ही सूची में है, अपना नाम हटवा सकते हैं. इसके अलावा फॉर्म 8 की मदद से मतदाता अपने वोटर कार्ड में कुछ बदलाव करने या कोई गलती हुई हो, तो उसे सुधार सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने इस अभियान के दौरान विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को अस्थायी रूप से फ्रिज कर दिया है। अभियान की तैयारी 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चली। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक गणना प्रपत्र भरवाने का कार्य होगा। 9 दिसंबर को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की जाएगी, जिस पर 8 जनवरी तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। 31 जनवरी तक सभी दावों का निस्तारण करने के बाद 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### श्रमजीवी पत्रकार संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

**रायसेन।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई द्वारा मंगलवार को दोपहर 2 बजे रैली निकाल कर पत्रकार हितों की 6 सूत्रीय मांगो का मांग पत्र मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को सौंपा जाएगा। मप्र श्रमजीवी संगठन के जिलाध्यक्ष राहुल राठौर, प्रभारी बारेलाल सूर्यवंशी ने पत्रकारों मीडिया कर्मियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है। जिलाध्यक्ष ने 11 नवंबर को दोपहर 2 बजे जिला मुख्यालय पर पहुंचने की आपील की है।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य आज आएंगे रायसेन

**रायसेन।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री सिंधिया 11 नवंबर मंगलवार 2 को दिल्ली से रायसेन पहुंचेंगे। सिंधिया फैंस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र राज मीणा ने बताया कि सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया उनके कट्टर समर्थक सांची सीट के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी की माताजी सुमंत्रा देवी के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने शाम करीब साढ़े 7.30 बजे श्री राम परिसर सागर रोड़ रायसेन पहुंचकर। शोक श्रद्धांजलि देकर दुखी चौधरी परिवार को शोक संवेदनाएं प्रकट करेंगे।

### कलेक्टर, स्वास्थ्य विभाग टीम मुक्तापुर गांव पहुंची

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुक्तापुर में कार्यकर्ता द्वारा भजन नापने और हाइट नापने पर दो बच्चे कुपोषित से पीड़ित मिले थे दोनों ही बच्चे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में सोमवार को नहीं पहुंच पाए थे। जिस पर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, सीएमएचओ एचएन मांडरे, डॉ रवि राठौर सीबीएमओ सांची, महिला बाल विभाग की संयुक्त टीम मुक्तापुर गांव पहुंची। जहां पर बच्चे कुपोषित होने पर कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास अधिकारी द्वारा बच्चों के माता-पिता को कुपोषित बच्चों के विषय में समझाइश की गई। साथ ही कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती करने के लिए प्रेरित किया।

## भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर देंगी रंगारंग भजनों की प्रस्तुति

# बाबा काल भैरव के जन्मोत्सव पर आज ग्राम सांचेत में निकलेगी 'शाही सवारी', श्रद्धालुओं की रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के ग्राम सांचेत में आज बुधवार को सिद्धपीठ श्री काल भैरव नाना सरकार धाम से जन्मोत्सव (कालभैरव अष्टमी) के अवसर पर गाजें बाजों के साथ शाही सवारी निकाली जाएगी।

बाबा काल भैरव जी की शाही सवारी गाजे-बाजों के बीच नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान होगी। जिसमें सिद्ध पीठ के परम पूज्य गुरुदेव नाना काल भैरव सरकार ने सभी भक्तों से निवेदन किया है कि सिद्धपीठ काल भैरव धाम पर आकर बाबा की शाही सवारी की शामिल होकर शोभा बढ़ाएं।

### मान्यता : कृष्ण अष्टमी पर हुआ काल भैरव का अवतरण

उल्लेखनीय हैं कि रायसेन जिले के सांचेत में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ काल भैरव धाम में बाबा काल भैरव की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण हो गई है। मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हर साल कालभैरव जयंती के रूप में मनाया जाता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान काल भैरव का अवतरण हुआ था। सांचेत के निसद्दीखेड़ा रोड पर स्थित प्राचीन सिद्धपीठ काल भैरव बाबा धाम में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भैरव अष्टमी 12 नवंबर को मनाई जा रही है। सिद्ध पीठ धाम मेंबाबा के प्राचीन मंदिर में बुधवार को सुबह 10 बजे सर्वप्रथम गणेश पूजन किया जायेगा। इसके बाद स्थानीय देवताओं का पूजन किया गया। 11 बजे भैरव बाबा का शोडसउपचार पूजन एवं 12 बजे हवन-पूजन किया जाएगा। इसके बाद बाबा काल भैरव को 56 भोग लगाए जाएंगे। काल भैरव अष्टमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पर पहुंचेंगे।



### शाम 7 बजे से शहनाज अख्तर भजनों से बांधेगी समां

*बुधवार की शाम 7 बजे से भजन गायिका शहनाज अख्तर द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। काल भैरव अष्टमी पर सभी श्रद्धालु इन धार्मिक कार्यक्रमों में सादर आमंत्रित हैं। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के बाद दूसरे नंबर पर बाबा काल भैरव की शाही सवारी सांचेत में ढोलनगाड़ों के बीच निकाली जाएगी। शाही सवारी में ढोल नगाड़े, डीजे, ताशे, पंजाबी ढोल आदि शामिल होंगे।*

*पीठाधीश ने बताया कि काल भैरव अष्टमी, हवन पूजन के साथ बाबा काल भैरव को 56 व्यंजन का भोग लगाया जाएगा।*



## सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद भी पुलिस की नजर नहीं पड़ती

# जिले के नर्मदा घाटों पर माफियाओं की नजर, रेत का कर रहे अवैध उत्खनन

### जिला खनिज अधिकारी भी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की जीवनदायनी नर्मदा नदी घाटों से रेत का अवैध उत्खनन लगातार जारी है। जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। रेत उत्खनन पर रोक लगाने ठेकेदार ने सीसीटीवी कैमरे लगना शुरू कर दिया है इसके बावजूद भी रेट माफिया नहीं मान रहे और अवैध रूप से रेत निकाल कर चोरी चुपके तरीके से बेच रहे हैं।सीसीटीवी कैमरे से भी पुलिस की नजर नहीं पड़ती और जिला खनिज विभाग के अधिकारी भी बेपरवाह बने हुए हैं।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, उदयपुरा, बरेली, देवरी थाने के अंतर्गत आने वाले इस पूरे रेत कारोबार में दो व्यक्तियों के नाम सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि इनके संरक्षण में रेत घाटों से रेत निकालने और ट्रॉलियों में भरकर बेचा जा रहा है। इसके लिए मजदूरों को लगाया है। वे लोगों से विवाद भी करते हैं।



### नर्मदा नदी संरक्षण के दावों पर भी प्रश्न चिन्ह हो रहा खड़ा

◆ जिले के बौरास, कैलकच्छ देवरी घाट,पतई,केतोघान घाट खरगौन, पतई, गौरा मछवाई मदागन घाट बाड़ी से रेत का अवैध उत्खनन पर्यावरण के लिए खतरनाक है, नर्मदा संरक्षण के दावों पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। रेत उत्खनन से नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है। घाटों की मिट्टी कट रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध कारोबार में क्षेत्रीय लोग भी शामिल हैं। उनकी दबंगई के कारण कोई विरोध नहीं करता। नर्मदा नदी के घाटों से जमकर रेत की निकासी हो रही है। मजदूर रेत निकालकर महंगे दामों बाजार में बेचकर कमाई कर रहे हैं।

### 5000 रुपए प्रति ट्रैक्टर ट्राली हो रहा विक्रय

सूत्रों के अनुसार नर्मदा नदी से निकाली गई रेत साढ़े चार हजार से लेकर रुपए प्रति ट्रॉली बेची जा रही है। रेत घाट के किनारे से रोजाना रेत से लोड ट्रॉलियां निकलती है

नर्मदा तट स्थित बौरास घाट और उसके आसपास के घाटों पर रेत माफिया सक्रिय हैं। नावों से नर्मदा के बीच से रेत निकालकर किनारे लाकर मजदूरों द्वारा बोरियों में भरकर स्टॉक किया जा रहा है। यह सिलसिला पिछले दो महीने से जारी है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब पुलिस की 'तीसरी आंख' के सामने हो रहा है। दरअसल, जिस स्थान पर रेत का स्टॉक किया जाता है, वहां पुलिस के सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके बावजूद अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

#### इनका कहना है

माइनिंग विभाग में स्टाफ की कमी बनीं हुई है। पदों की पूर्ति के लिए पत्राचार वरिष्ठ कार्यालय भोपाल को कर दिया है। रेत माफियाओं की धरपकड़ की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**- महेंद्र पटेल,** माइनिंग अधिकारी रायसेन।

## दहिड़ा कोलीखेड़ा जंगल में मिला शव

# साड़ी से पेड़ पर लटका मिला 8 दिन से लापता महिला का शव

◆ 2 नवंबर को अपने पति से कहासुनी होने पर लापता हो गई थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के ग्राम दहिड़ा कोलीखेड़ा के पास पहाड़ी क्षेत्र में सोमवार सुबह एक महिला का लगभग 8 दिन पुराना शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। मृतका की पहचान लक्ष्मीबाई पति महेश सपेरा उम्र 29 वर्ष निवासी राजीव नगर सलामतपुर के रूप में हुई है। महिला परिवार के साथ धान काटने के लिए दहीड़ा कोलीखेड़ा में पहाड़ी किनारे अस्थायी टपरे बनाकर रुकी हुई थी।

जानकारी के अनुसार, महिला की 2 नवंबर को पति से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वह लापता हो गई थी। ससुराल पक्ष द्वारा खोजबीन के बाद 3 नवंबर को सलामतपुर थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

सोमवार सुबह लगभग 11 बजे महिला के देवर जंगल की ओर गए, जहां बदबू आने पर पेड़ पर साड़ी से लटकी लाश दिखाई दी। सूचना पर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पंचनामा कार्रवाई कर शव को नीचे उतार सांची अस्पताल भेजा गया।

### हत्या या आत्महत्या कारण अभी स्पष्ट नहीं

शव की स्थिति से अनुमान है कि मृत्यु को लगभग 10 दिन बीत चुके हैं। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, वास्तविक मृत्यु कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

## पागल कुत्ते से नगर में फैली दहशत

# कुत्ते ने दो दर्जन से अधिक लोगों को बनाया शिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार एवं सोमवार को नगर के विभिन्न हिस्सों में एक सफेद रंग के पागल कुत्ते द्वारा दो दर्जन से अधिक लोगों को काटने से नगर में दहशत भय और कुत्ते का आतंक बना हुआ है। पागल कुत्ते द्वारा बच्चों, युवाओं महिलाओं, वृद्धों को शिकार बनाया जाता रहा। रविवार की शाम को कुत्ते काटने से घायल लोगों की सिविल अस्पताल में पहुंचने से भीड़ का नजारा बना रहा।

नगर के वार्ड 4 प्रेमनगर कॉलोनी में एक सफेद कुत्ते द्वारा खेल रहे बच्चों पर चलने वालों पर हमला कर काटकर घायल जख्मी कर दिया। सिविल अस्पताल में कुत्ते के काटने से जख्मी बच्चों को लेकर परिजन पहुंचते रहे। गंभीर घायलों को रायसेन भी रेफर किया। घायलों की संख्या दो दर्जन से अधिक हो गई कुत्ते काटने से घायलों की संख्या बढ़ने पर बीएमओ डॉ हेमंत यादव द्वारा तत्काल एसडीएम संतोष मुदगल और नपं के सीएमओ हरिशंकर वर्मा को सूचना दी गई।

### नगर परिषद की दो टीमें जुटी तलाश में

नगर के वार्ड 4 प्रेम नगर कॉलोनी में दो दर्जन से अधिक लोगों को शिकार बनाने वाले सफेद रंग के कुत्ते की तलाश और पकड़ने नगर पंचायत द्वारा दो टीमें लगाई गई। दोनों टीम प्रेमनगर कॉलोनी, महेशपुरम, बस स्टैंड के आसपास चेनपुर रोड शक्ति नगर में कुत्ते की तलाश करती रहीं।

## लव जिहाद का मामला

# शादीशुदा महिला से बनाए नाजायज संबंध, मामले की एसपी से शिकायत

◆ पड़ोसी युवक महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की दे रहा लगातार धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के बाड़ी में एक लव जिहाद का मामला सामने आया है। मामले में महिला के परिजनों और विहिप के जिला संयोजक बद्री प्रसाद पाराशर द्वारा एसपी पंकज कुमार पांडेय को आवेदन देकर युवक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की गई।

जानकारी के अनुसार जिले के थाना बाड़ी के तहत अमरावद कलां निवासी नव विवाहिता पूजा (परिवर्तित नाम) ने परिजनों और विहिप के जिला संयोजक बद्री पाराशर द्वारा सोमवार को एसपी पंकज पांडेय को आवेदन देकर शिकायत की है। यह मामला लव जिहाद से जुड़ा हुआ है। पड़ोसी युवक साजिद खान उर्फ सज्जू खान शादीशुदा महिला पूजा (परिवर्तित नाम) पर बुरी नजर रखता था। आरोपी युवक सज्जू खान ने बीते 27 सितंबर को महिला के घर जब परिजन और पति कामकाज के लिए बाहर गए, तभी सूनेपन फायदा उठाकर आरोपी सज्जू खान निवासी रायसेन ने पड़ोस में रहने वाली महिला के घर पहुंचकर मिठाई में नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुराचार किया तथा मोबाइल में अश्लील वीडियो बना लिए। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी पर महिला के साथ कई बार नाजायज संबंध बनाए।



मामले की पीड़ित महिला और परिजन शिकायत करने बाड़ी थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उनकी ठीक से सुनवाई नहीं की। कोई सुनवाई नहीं होने से आरोपी साजिद खान उर्फ सज्जू के हौसले और बुलंद हो गए और उसने दोबारा थाने में शिकायत करने पर पीड़ित महिला व उसने परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही आरोपी शिकायत वापिस लेने का दबाव बना रहा है।

सज्जू खान अमरावद कलां में राज राय पिता देवकिशन की किराना दुकान पर सज्जू खान कर्मचारी है।

# सरकारी प्राइमरी स्कूलों में कम होती जा रही बच्चों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या कम होती जा रही है। शिक्षकों ने बताया गया कि कई सरकारी स्कूलों में धीरे-धीरे बच्चों की संख्या कम होती जा रही है वहीं हर गांव गांव में प्राइवेट स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

अभिभावकों का रुख सरकारी स्कूलों की तरफ से हटता दिखाई दे रहा है। सरकार की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद भी लोग सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ना पसंद नहीं कर रहे हैं। कुल्हाड़िया ग्राम के स्कूल में 4 बच्चे कक्षा में बैठे हुए पाए गए, जब शिक्षकों से कम बच्चों की उपस्थिति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि स्कूल में सिर्फ 8 बच्चे दर्ज हैं जिसमें से 2 बच्चे मां-बाप के साथ कहीं काम पर गए हैं और 4 बच्चे ही उपस्थित हुए हैं। यह देखकर लगता है कि छोटे-छोटे गांव के प्राथमिक स्कूल बंद होने की कगार पर हैं।



जहां स्कूलों में छात्रों की संख्या 4 है, वहीं शिक्षकों की संख्या भी 2 से अधिक है। यह शिक्षक दिनभर ड्यूटी के नाम पर अपना टाइम पास करते नजर आते हैं। कोई आधार कार्ड के काम से कोई खेत में पानी और धान कटनी और भी ऐसे कई कार्य है जिन्हें शिक्षक अपनी ड्यूटी की समय में ही पूरा करते हैं।

#### इनका कहना है

जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या कम है वह सभी स्कूलों को 20 किलोमीटर के दायरे में जितने भी स्कूल आते हैं इन सबको सीएम राइज स्कूलों में मर्ज किया जाएगा। अभी सीएम राइज बिल्डिंग हमारे हैंड ओवर नहीं हुई है, हैंड ओवर होने के बाद सभी स्कूलों को व्यवस्थित तरीके से व्यवस्था की जाएगी।

**- ऐश्वर्या मूंदा,** विकास खंड शिक्षा अधिकारी सांची।

# खेड़ापति धाम में लोगों पर चढ़ा जयसिंह राजा का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

बाड़ी कलां का शक्ति धाम खेड़ापति पर 9 नवंबर को प्रसिद्ध बुंदेली गायक जयसिंह राजा बुंदेली भाषा और राग रंग कलाकारों में उनका एक नाम है। मां खेड़ापति दरबार में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा तीर्थ स्थल पर आयोजित की जा रही है।

9 नवंबर को बुंदेली गायक जय सिंह राजा ने अपने परिचित अंदाज में लोगों को दिल खोलकर हंसने का मौका दिया हर कड़ी में अंदाज निराला था। भजन संध्या की अलौकिक प्रस्तुति का नजारा देखने के लिए गुलाबी ठंड भी भक्तों के जुनून को नहीं रोक पाई। जय सिंह राजा ने बुंदेली अदाओं में भक्ति रंग को राई रंग में भिगो कर भक्ति के रंग में सरोवर कर दिया लोगों ने भजन संध्या के इस अनोखे कार्यक्रम की दिल खोलकर लोग प्रशंसा कर रहे हैं। देर रात तक लोग आनंद लेने के लिए खेड़ापति धाम पर मौजूद रहे श्रीमद् भागवत कथा की चतुर्थ दिवस खेड़ापति देवी पर भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया पूरे परिसर को नंद गांव के सरूप में दुल्हन की तरह सजाया गया बाल स्वरूप में भगवान श्री कृष्ण झूले पर झूला झूल रहे हैं और लोग उन्हें निहार रहे हैं।



## स्मार्ट मीटर से सिलवानी नगर में बिजली व्यवस्था का हो रहा आधुनिकीकरण

# 15724 घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में बिजली आपूर्ति प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सटीक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने की दिशा में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी द्वारा सिलवानी नगर के 15 हजार 724 घरेलू और व्यवसायिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस अभियान का उद्देश्य बिजली खपत की निगरानी को डिजिटल रूप देना, बिलिंग प्रणाली में पारदर्शिता लाना और उपभोक्ताओं को आधुनिक तकनीक का लाभ प्रदान करना है।

प्रथम चरण व्यवसायिक कनेक्शनधारकों से आरंभ किया है। स्थानीय विद्युत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सिलवानी नगर में एक हजार 103 व्यवसायिक उपभोक्ता पंजीकृत हैं, जिनके प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक लगभग 40 प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं और शेष प्रतिष्ठानों पर तेजी से कार्य जारी है।

### दूसरे चरण में घरों पर लगेंगे मीटर

*सिलवानी नगर में कुल 14,621 घरेलू बिजली कनेक्शन हैं। इन सभी घरों में द्वितीय चरण के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। वर्तमान में इन घरों में पारंपरिक मीटरों से ही रीडिंग व बिलिंग की जा रही है। बिजली कंपनी ने बताया कि जैसे ही प्रथम चरण का कार्य पूर्ण होगा, उसके बाद घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। कंपनी का लक्ष्य है कि आगामी कुछ महीनों में नगर का प्रत्येक उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से जुड़ जाए।*



### स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को मिलने वाले प्रमुख लाभ

स्मार्ट मीटर एक ऐसी आधुनिक तकनीक है, जो उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत की जानकारी रियल टाइम में उपलब्ध कराती है। इसके माध्यम से उपभोक्ता अपनी ऊर्जा उपयोग की निगरानी कर सकते हैं और अनावश्यक खपत को नियंत्रित कर सकते हैं। सटीक बिलिंग, रियल टाइम मॉनिटरिंग, बिजली चोरी पर नियंत्रण, ऊर्जा बचत की दिशा में कदम, स्मार्ट मीटर अभियान निश्चित रूप से नगर की ऊर्जा संरचना में एक ऐतिहासिक परिवर्तन की शुरुआत साबित होगा।

### स्मार्ट मीटर नगर के लिए बड़ा बदलाव

स्मार्ट मीटर लगने से सिलवानी नगर की बिजली व्यवस्था डिजिटल और स्मार्ट सिस्टम में परिवर्तित हो जाएगी। अब उपभोक्ता को रीडिंग के लिए प्रतीक्षा नहीं करनी होगी और गलत बिलों की शिकायतें भी कम होंगी। कंपनी का यह प्रयास सरकार की स्मार्ट एनर्जी और डिजिटल इंडिया नीति को भी मजबूत करता है। आने वाले समय में यह पहल नगर को ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में आदर्श उदाहरण बना सकती है। ज्ञात रहे कि सिलवानी में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शहर की ऊर्जा व्यवस्था को नई दिशा देने वाली है। यह पहल न केवल बिजली आपूर्ति प्रणाली को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाएगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी अपनी बिजली खपत पर नियंत्रण और जागरूकता प्रदान करेगी।

### सभी उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाए जाना है

*नगर में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से चलाई जा रही है। वर्तमान में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य प्रगति पर है। आगामी दिनों में घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। यह योजना न केवल बिलिंग में पारदर्शिता लाएगी, बल्कि उपभोक्ता संतुष्टि में भी सुधार करेगी। समीटर लगने के बाद बिजली कंपनी को खपत के वास्तविक आंकड़े प्राप्त होंगे, जिससे लोड मैनेजमेंट और बिजली वितरण अधिक प्रभावी रूप से किया जा सकेगा।*

***- मनीष अहिरवार,** जेई, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सिलवानी।*